कुत्तों और गायों के कारण हो रही दुर्घटना... पृष्ठ 2 | हेलेन केलर दिवस पर सीआरसी उदयाचल.. पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मोः 98274-61508, 83192-88559


रविवार, 29 जून 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 249, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## विकास के हर मोर्चे पर मोदी की गारंटी को पूरा कर रहा छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री

### तपकरा को मिली नई पहचानः मुख्यमंत्री साय ने तहसील कार्यालय का किया शुभारंभ, नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले के तपकरा में तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी कार्यालय का शुभारंभ किया। विदित हो कि 14 जनवरी को जशपुर जिले के प्रवास पर मुख्यमंत्री ने तपकरा को पूर्ण तहसील बनाने की घोषणा की थी। तहसील बनने से इसका लाभ 33 ग्रामों के किसानों, छात्रों और नागरिकों को मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने तपकरा को नगर पंचायत बनाने, तपकरा स्थित खेल स्टेडियम के सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपए स्वीकृत करने और फरसाबहार में विश्राम गृह निर्माण करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार विकास के हर मोर्चे पर मोदी की गारंटी को तेजी से लागू कर रही है। सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए। महिलाओं को सशक्त बनाने महतारी वंदन योजना के माध्यम से 70 लाख महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपए दिए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों की आय में वृद्धि के लिए तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य प्रति मानक बोरा 5,500 रुपए किया गया है। गांव में ही बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अटल डिजिटल सेवा केंद्र खोले जा रहे हैं।आगामी पंचायत दिवस पर सभी ग्राम पंचायतों में इसे शुरू करने की योजना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियों के तहत नवाचारों का बेहतर उपयोग कर पंजीयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल, डिजिटल और नागरिक केंद्रित बनाया गया है। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने बताया कि यहां तहसील कार्यालय खुलने से किसानों, भूस्वामियों, छात्रों और नागरिकों को विशेष सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि एसडीएम फरसाबहार का लिंक कोर्ट भी आगामी सोमवार से प्रारंभ हो जाएगा। विधायक श्रीमती गोमती साय ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। आम नागरिकों की सुविधा के लिए राज्य सरकार पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।



इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जूदेव, श्री भरत साय, श्री रोहित साय, आईजी श्री दीपक कुमार झा, पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह, तपकरा सरपंच श्रीमती सविता जायसवाल सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधानसभा अध्यक्ष ने माँ बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर प्रदेश वासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने डोंगरगढ़ प्रवास के दौरान माँ बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने भी पूजा-अर्चना की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमन डोंगरे, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री सचिन बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री संतोष अग्रवाल, पूर्व विधायक श्री विनोद खाण्डेकर, श्री दिनेश गांधी, श्री सौरभ कोठारी, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के उपाध्यक्ष श्री अनील गट्टानी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नायरा रंगारी फैशन शो के फाइनल राउंड में

### किड्स सब जूनियर फैशन शो रायपुर की विजेता रही

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नायरा रंगारी उर्फपीहू इस बार पुन



फैशन शो के फाइनल राउंड में , हिंदी फिल्म ,छत्तीसगढ़ी फिल्म शॉर्ट फिल्म एल्बम की नन्ही चाइल्ड आर्टिस्ट नायरा रंगारी 29 जून को राजनांदगांव ऑडिटोरियम के फैशन शो के फाइनल राऊंड में अपनी प्रतिभा को दिखाने का पुन अवसर मिला नायरा रंगारी फिल्मों की बाल कलाकार,बाल प्रतिभा सम्मान से सम्मान प्राप्त इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड स्टोरी टेलिंग में भारत की सबसे कम उम्र में 5 साल 11 माह में अपना नाम दर्ज कराने वाली भारत की पहली बालिका पीहू उर्फ नायरा रंगारी कल 29 जून को राजनांदगांव ऑडिटोरियम में आयोजित प्रिंसेस ऑफ राजनांदगांव में नजर आएगी केंद्रीय विद्यायल राजनांदगांव की नन्ही छठवीं क्लास की बालिका का उत्साह देखकर समाज को संदेश देना का ,नई प्रतिभा और अपनी कला प्रतिभा को मच के सामने लाने के लिए एक सुन्दर संदेश देना का काम कर रही है छत्तीसगढ़ के सरकारी विज्ञापन रामलला दर्शन योजना,स्वच्छ भारत,हर घर तिरंगा जैसे सरकारी विज्ञापन में भी नन्ही बालिका पीहू को आप देख सकते है ,छत्तीसगढ़ी एल्बम मोर बोले बाबा सुंदरानी चैनल पर नन्ही बालिका को देख सकते है अंतराष्ट्रीय शॉर्ट फिल्म हरसैल्फ में सुंदर एक्टिंग के लिए अवॉर्ड प्राप्त करे चुकी नायरा फैशन शो के फाइनल राउंड में दिखाई देगी।

## यूनिसेफ युवोदय के स्वयं सेवकों ने किया ग्रामीणों को जागरूक



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** यूनिसेफ युवोदय राजनांदगांव के स्वयं सेवकों द्वारा मिशन जल रक्षा अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम सीताकसा में जल संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से बोरी बंधान कार्य में श्रमदान किया गया। जिला समन्वयक यूनिसेफ श्री विनोद कुमार टेम्बुकर ने कहा कि सोखता गड्ढा निर्माण से गिरते भू-जल स्तर में सुधार हो सकता है। उन्होंने ग्रामीणों को अपने घरों में सोखता गड्ढा निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही ग्रामीणों को अपने घरों में कम से कम 5 पौधा लगाकर पर्यावरण सरंक्षण करने का संकल्प लेने कहा। कार्यक्रम में ग्रामीणों को स्वच्छता एवं साफ-सफाई के लिए शपथ दिलाई गई और सभी को स्वच्छता शुल्क देने का आग्रह भी किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य छुरिया, इंजीनियर तुमेश्वर साहू, यूनिसेफ युवोदय के स्वयं सेवक तोरण पटेल, साहिल देवांगन, भारत साहू सहित ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक अन्य पंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब द्वारा जगन्नाथ रथयात्रा की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अध्यक्ष लायन अमित खण्डेलवाल द्वारा अपने लायन साथियों के साथ भगवान जगन्नाथ जी की पूजा अर्चना आरती कर रथयात्रा का अग्रसेन चौक रामाधीन मार्ग भव्य स्वागत सत्र 25-26 कार्यक्रम की शुरुआत आज प्रभु श्री जगन्नाथ जी रथयात्रा के अवसर पर लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के द्वारा फूल बरसा कर पूजा आरती अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया अग्रसेन चौक जलाराम प्लाईवुड के पास जिसमे मुख्य रूप से संरक्षक लायन रत्ना ओसवाल लायन गेंदलाल,लायन बृजकिशोर सुरजन ,लायंस क्लब के अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल लायन सचिव मयंक शर्मा लायन कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा एव सभी लायन क्लब के साथियों द्वारा सहयोग किया गया उक्त जानकारी सचिव लायन मयंक शर्मा द्वारा दी गई।

## शहर में सुदृढ़ यातायात व्यवस्था एवं सुगम आवागमन के लिए प्रशासन तथा व्यापारियों की संयुक्त बैठक

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर को व्यवस्थित करने, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं सुगम आवागमन के लिए जिलाधीश डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के निर्देश पर आज नगर निगम सभागृह में प्रशासन एवं व्यापारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, अनुविभागीय अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा तथा सिटी थाना प्रभारी श्री रोमेन्द्र सिंह, यातायात विभाग के श्री शरद कुमार सहित चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रदेश महामंत्री श्री तरूण लहरवानी व प्रदेश उपाध्यक्ष श्री आलोक बिंदल, चेम्बर ऑफ कार्मस के जिलाध्यक्ष श्री कमलेश बैद के अलावा शहर के व्यापारिक क्षेत्र के पार्षद सर्वश्री शैंकी बग्गा, राजेश जैन रानू, जैनम बैद, प्रमोद झंझाडे, पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि, शहर में व्यवस्थित यातायात तथा अतिक्रमण हटाने सड़क दुर्घटना रोकने जिलाधीश महोदय द्वारा बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिया गया था। निर्देशानुसार प्रशासन की टीम शहर के व्यस्तम व्यापारिक क्षेत्रों में सुगम यातायात के लिए व्यवस्था सुदृढ़ करने पैदल भ्रमण भी किए थे और उन्ही के निर्देश पर आज सुचारू व्यवस्था के लिए व्यापारियों की बैठक आयोजित आहुत की गई है। उन्होने कहा कि, शहर के प्रमुख मार्ग जयस्तभं रोड, गुड़ाखु लाईन, कामठी लाईन, सदर बाजार, हलवाई लाईन, सिनेमा लाईन में यातायात का दबाव बना रहता है। इसके अलावा ठेला पसरा लगने तथा दुकानों का सामान बाहर रखने से पार्किंग की समस्या के साथ-साथ आवागमन में परेशानी होती है। इन्ही व्यवस्था को सुदृढ़ करने आप लोगो का सहयोग



एवं सुझाव लिया जाना है। अनुविभागीय अधिकारी श्री वर्मा ने कहा कि, शहर के बाजार क्षेत्र में वन-वे तथा बडी गाड़ी का प्रवेश निषेध के अलावा दुकान के सामने किए अतिक्रमण एवं कब्जा कर रखे समान को हटाया जाना है। वर्तमान में अतिक्रमण के कारण यातायात की समस्या उत्पन्न हो रही है। फ्लाई ओव्हर के नीचे लम्बे समय से गाड़ी पार्क किया गया है, जिसे हटाना है। आप सब के सहयोग से अतिक्रमण हटाने तथा व्यवस्थित पार्किंग के लिए कार्ययोजना बनानी है। इस संबंध में कलेक्टर महोदय के भी निर्देश है। चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने भी अपने सुझाव रखे कि, शहर के प्रमुख मार्ग से ठेला पसरा हटाये जाये तथा पार्किंग की व्यवस्था की जाए। फ्लाई ओव्हर के नीचे, म्यूनिस्पल में बने पार्किंग, बालाजी मंदिर के पास के रिक्त स्थल, जूनी हटरी के रिक्त स्थल को पार्किंग के लिए व्यवस्थित किया जाए। दुकानों के सामने के अतिक्रमण को हटाया जाए, इस संबंध में दुकानदारों से अपील की जाए। अतिक्रमण मुक्त करने तथा सुगम यातायात के लिए संबंधित क्षेत्र के पार्षदों ने भी अपने सुझाव रखें। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि, यातायात बाधित बाजार क्षेत्र एवं प्रमुख मार्गो में ठेला पसरा लगाने पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। फ्लाई ओव्हर के नीचे से अतिक्रमण मुक्त कर पार्किंग स्थल बनाया जाए। शहर के प्रमुख मार्ग जयस्तंभ चैक, जूनी हटरी, गुड़ाखु लाईन, मानव मंदिर चैक, सिनेमा लाईन, हलवाई लाईन, कामठी लाईन, सदर लाईन आदि क्षेत्र के दुकानदारों को दुकान के सामने से अतिक्रमण, कब्जा मुक्त करने तथा दुकान के बाहर समान नही रखने समझाईस दी जाए।

## न्यू लुक बायोफ्यूल्स ने बांटी लाखों की रिश्वत, तथाकथित वायरल आडियो की हो जांच - जितेंद्र मुदलियार

### आरोप : डा रमन सिंह की विधानसभा में हर संदिग्ध मामले में भाजपा की भागीदारी सामने आ रही

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सोमनी क्षेत्र में ग्राम फुलझर में स्थापित न्यू लुक बायोफ्यूल्स कंपनी के मैनेजर प्रदीप मिश्रा और भाजपा नेत्री कनक दुबे के तथाकथित वायरल आडियो पर छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने आईजी अभिषेक शांडिल्य को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि, यह कंपनी प्रबंधन द्वारा लाखों की रिश्वत दिए जाने का मामला प्रतीत हो रहा है जिसमें कई लोगों की संलिप्तता सामने आ रही है। उन्होंने भाजपा मंडल अध्यक्ष, निलंबित निरीक्षक व इस प्रकरण में संदिग्ध के तौर पर सामने आए लोगों के खिलाफ एफआईआर की मांग की है।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि फुलझर स्थित उक्त कंपनी द्वारा पाइप लाइन बिछाने का कार्य जलाशय से फैक्ट्री तक कराया गया है, जो लगभग 5 किलोमीटर लंबा है। इस पाइप लाइन की वैधता पर सवाल उठाते हुए कहा गया है कि संबंधित अनुमति और प्रक्रिया की जांच आवश्यक है। साथ ही यह भी मांग की गई है कि सत्तापक्ष की नेत्री की भूमिका की भी जांच की जाए, जिनकी बातचीत का तथाकथित ऑडियो वायरल हुआ है और उसमें अवैध कार्यों को लेकर रिश्वत की चर्चा की गई है।

मुदलियार ने कहा कि, विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह के विधानसभा क्षेत्र में मोहड़ गोलीकांड हो या फुलझर में न्यू लुक बायोफ्यूल्स का रिश्वत कांड दोनों ही मामलों में पुलिस प्रशासन और भाजपा नेताओं की प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भूमिका सामने आ रही है। वे जवाब दें कि क्या यह उनके ही प्रश्रय में हो रहा है और नहीं तो क्यूं वे इन मामलों पर कार्रवाई के मामले में चुप बैठे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि, क्षेत्र में दो बड़े उद्योग की स्थापना हो रही है। जिनमें सैकड़ों बाहरी राज्यों से मजदूरों को लाया जा रहा है। यहां बीते दो महीनों को हत्या की वारदात भी हो चुकी है। इन बाहरी मजदूरों के सत्यापन को लेकर भी सोमनी पुलिस लचर रवैया अपना रही है। जबकि ऐसी वारदातों से स्थानीय लोगों में दहशत है। इस दौरान अशोक पंजवानी, चेतन भानुशाली, अमित कुशवाहा, बिरेंद्र चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, जनपद सदस्य मोहनीश धनकर, शुभम पांडेय, परस साहू, पूर्व सरपंच शैलेष साहू, हिमालय बांधे, रमेश साहू, लोकू यादव, सोनू साहू, राज खान, शेख आसिफ राहुल साहू व अन्य लोग उपस्थित थे।

## सम सामयिकी...

## प्रशासनिक कड़ से दूर होती राजनीतिः एक चिंताजनक संकेत

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ में भाजपा के शासन में एक अजीब स्थिति उत्पन्न हुई है, जहां जनप्रतिनिधि जनता के कामों के लिए प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के सामने असहाय दिखाई दे रहे हैं। यह स्थिति शासन करने वाली पार्टी के भविष्य पर चिंताजनक संकेत देती है।



**प्रशासनिक नियंत्रण की कमी**

प्रशासनिक नियंत्रण के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अनूठी शैली ने उन्हें अलग बनाया था। वहीं, डा रमन सिंह के शासनकाल में प्रशासनिक नियंत्रण का प्रभाव इतना था कि भाजपा छत्तीसगढ़ में तीन कार्यकाल पूरा कर चुकी थी। लेकिन अब, भाजपा के शासन में जनप्रतिनिधियों की असहायता ने जनता को ठगा सा महसूस करा दिया है।

**चिंतन शिविर की आवश्यकता**

भाजपा के अंबिकापुर चिंतन शिविर में प्रशासनिक पकड़ पर चिंतन-मनन कर निष्कर्ष निकालते हुए प्रशासनिक क्षमता में सुधार लाने की आवश्यकता है। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो तीन वर्ष बाद स्थिति और भी खराब हो सकती है।

**आसंदी की अविचल सोच**

हमारे आसंदी की अविचल और अडिग राजनीतिज्ञ सोच ने उन्हें एक मजबूत नेता बनाया है। उनकी छवि प्रभावित करने की लगातार कोशिशों के बावजूद, वे अपने सिद्धांतों पर अडिग हैं। उनकी जय जय हो और विजय हो।

nandgaon times june-29-3.qxd 6/28/2025 11:14 PM Page 2



## निःशुल्क संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन समारोह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कृत भारती राजनांदगांव के तत्वावधान में दशदिवसीय निःशुल्क संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन गांधी सभागृह, म्यूनिसपल स्कूल ग्राउंड राजनांदगांव में दिनांक 29 जून समय 3.00 बजे होगा संस्कृत भारती की जिला मंत्री डॉ आकांक्षा विश्वकर्मा, शिक्षण प्रमुखा सुश्री नीलम श्रीवास्तव व नगराध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय जी ने बताया कि इस शिविर में सॉफ्वेयर इंजिनियर, विभिन्न विषयों के शिक्षक, विद्यालय-महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएँ, गृहिणीयाँ इत्यादि लगभग 60 से अधिक लोगों ने शिविर में उपस्थित होकर संस्कृत बोलना सीखां समापन कार्यकम के मुख्य अतिथि श्री मधुसूदन यादव जी महापौर राजनांदगांव होंगे। संस्कृत सम्भाषण शिविर के इस कार्यक्रम में प्रस्तुतियों जैसे नृत्य. गायन, नृत्यनाटिका, श्लोक वाचन, वस्तु प्रदर्शिनी, मंच संचालन इत्यादी सब कुछ संस्कृत में होगा। सभी नगर वासियों से अनुरोध है कि इस तरह के अनूठे कार्यक्रम में जरूर पधारें।



## भर्रेगांव में भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा निकाली गई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम भर्रेगांव मे भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ निकली। भक्तों ने बड़ी भक्ति और श्रद्धा के साथ भगवान जगन्नाथ प्रभु को रथ पर विराजमान किया। आज खास मौके पर भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के साथ बहन सुभद्रा और बड़े भैया बलभद्र जी का विशेष श्रृंगार किया गया है। भगवान विराजमान हुए तो भक्तों ने भगवान की जयकारा लगाते हुए आरती उतारी। उसके बाद भक्तों ने हाथ में झंडा लहराते हुए नाचते गाते हुए एवं नन्हे मुन्ने कृष्ण ग्वाला बनकर नाचते हुए गली भ्रमण किया।भगवान को पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। इस दौरान भक्त गण बड़ी संख्या मे शामिल हुए।



## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक, आरती कर मांगी प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था का केंद्र पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और मंत्रोच्चारण के साथ महादेव की आरती में सम्मिलित होकर प्रदेश एवं जिले के नागरिकों के लिए सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।



## नगर साहू संघ ने अतिरिक्त भवन का भूमिपूजन किया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 15 साहू पारा तिराहे चौक पौनी पसारी के पास मटिया में शनिवार को भूमिपूजन किया गया भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर साहू संघ के अध्यक्ष कौशल साहू, सचिव नारायण साहू, उपाध्यक्ष बिसनाथ साहू, माधव साहू जिला साहू संघ संगठन सचिव, संरक्षक इंदु साहू, ताम्रध्वज साहू, यादव राम साहू, नंदलाल साव, जागेश्वर साहू , घनश्याम साहू, सुगंध साहू, दयालु साहू और नगर साहू संघ के सदस्य गण उपस्थित थे।



## पत्रकार सम्मान समारोह के नाम पर ठगी, बलौदाबाजार प्रेस क्लब ने किया सतर्क

**इलियास खान**

**बलौदाबाजार।** जिले में फर्जी पत्रकारों द्वारा ठगी और अवैध वसूली किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। स्वयं को पत्रकार बताकर और बलौदाबाजार प्रेस क्लब का नाम लेकर कुछ संदिग्ध लोग गांव-गांव घूमकर पत्रकार सम्मान समारोह के आयोजन के नाम पर आम लोगों, दुकानदारों और अधिकारियों से जबरन चंदा वसूल रहे हैं।इन लोगों की गतिविधियों पर जब संदेह हुआ तो कई लोगों ने इसकी जानकारी बलौदाबाजार प्रेस क्लब तक पहुंचाई। पड़ताल में यह सामने आया कि जिन लोगों द्वारा पत्रकार संगठन और प्रेस क्लब के नाम का उल्लेख करके वसूली की जा रही है, वे वास्तव में किसी भी मान्यता प्राप्त पत्रकार संगठन या बलौदाबाजार प्रेस क्लब के सदस्य नहीं हैं।




**दो ग्रामीणों ने की ठगी की शिकायत**

ग्राम कारी निवासी राजकुमार साहू और ग्राम पैजनी निवासी संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि दिनांक 18 जून 2025 को दो अज्ञात व्यक्ति काले रंग की कार में उनके पास आए। उन्होंने अपने आपको बलौदाबाजार पत्रकार संगठन का सदस्य बताया और कहा कि वे पत्रकार सम्मान समारोह के लिए चंदा इकट्ठा कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उन लोगों ने डराने-धमकाने की कोशिश की और क्रमशः ?3100 व ?2100 की ठगी कर ली। साथ ही उन्होंने च्जनवादी पत्रकार संगठनज् नामक किसी संस्था की रसीद भी दी, जिस पर राष्ट्रीय कार्यालय ङ्क ग्वालियर और प्रदेश कार्यालय ङ्क रायपुर लिखा हुआ था। लेकिन जब इस संस्था की सच्चाई पता की गई तो सामने आया कि इस नाम से न तो कोई मान्य संगठन क्षेत्र में कार्यरत है और न ही उसका कोई वैध कार्यालय मौजूद है।

## शुभांक

**3-5-9**

**349-6 590-4**

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं शुभावती यादव पति श्री चंद्रशेखर यादव निवासी बी.एन.सी मिल कॉलोनी वार्ड नं. 16 शहर, तह. व जिला राजनांदगांव 491441 (छ.ग.) यह शपथ लेती हूं की मैंने अपनी पुराना नाम शुभवती यादवा को त्याग कर नया नाम शुभावती यादव पति चंद्रशेखर यादव रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम शुभावती यादव पति चंद्रशेखर यादव के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

**शुभावती यादव**
पति चंद्रशेखर यादव
निवासी बी.एन.सी मिल कॉलोनी वार्ड नं. 16 जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

# कुत्तों और गायों के कारण हो रही दुर्घटना को रोकने सौंपा ज्ञापन



**आम आदमी पार्टी ने की यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग**

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर में प्रायः हर गली मोहल्ले में कुत्तों के भौंकने से व गाय बछड़े के पसरे रहने से परेशान लोगों के हित में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू निर्देशानुसार व आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम व जिला प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान खींचा है। शहर में यह समस्याएं लंबे समय से हैं फिर भी जनता को राहत पहुंचाने निगम वह जिला प्रशासन के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 51 वार्ड वाले शहर में जगह-जगह कुत्तों का जमघट लगता है और भौंक कर आने जाने वालों को अक्सर डराते रहते हैं। दूसरी बात यह है कि जिधर देखो उधर सड़कों पर मेवेसी रात और दिन पसरे रहते हैं। समय-समय पर नगर निगम द्वारा कटी पर कतिपय मवेशियों को कांजी हाउस में पकड़ कर डाला जाता है जो की ना काफी है। निगम प्रशासन इन मवेशियों को पकड़ कर कांजी हाउस में डालने की व्यापक कार्यवाही नहीं कर रही है औपचारिकता भर निभाने से समस्या जस की तस बनी हुई है इसी प्रकार कुत्तों का बधिया कारण नहीं किया जा रहा है जिससे कुत्तों और गायों की समस्या हल नहीं हो पा रही है विशेष तौर से स्कूली बच्चों काम धंधे निपटाकर रात देर रात घर लौटने वालों को यह कुत्ते भोंकते हैं कई बार तो ऐसा होता है कि सड़क पर बत्ती बंद रहने की दशा में वाहन सवार विशेष पर साइकिल सवार लोग गली में बैठे मवेशियों से जा टकराते हैं निगम और जिला प्रशासन पशुपालकों की बैठक लेकर सख्त हिदायत देनी चाहिए और नहीं मानने पर कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। राजनांदगांव जिले में सडक़ों पर आवारा जानवरों की समस्या एक बड़ी चुनौती बन गई है, जिससे दुर्घटनाओं और अन्य समस्याओं का खतरा बढ़ गया है, आवारा पशु में ज्यादातर संख्या कुत्तों की है उसके बाद गायों का नंबर आता है, सडक़ों पर आवारा पशुओं के कारण यातायात बाधित होता है, जिससे जाम की समस्या होती है. आवारा पशु पार्कों और अन्य हरियाली वाले क्षेत्रों में घूमती हैं, जिससे पौधों और हरियाली को नुकसान होता है, आवारा पशुओं के कारण सडक़ दुर्घटनाएँ आम हो गई हैं, जिससे जानमाल का नुकसान हो रहा है. बीते सालों में ग्रामीण इलाकों में गायों को रखने के लिए गौठान की व्यवस्था की गयी थी, लेकिन सरकार की उदासीनता के कारण पशु सडक़ों पर विचरण करने मजबूर हैं । नगर निगम और अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा आवारा पशुओं को पकडऩे और उन्हें गौशालाओं या कांजी हाउस में रखने की व्यवस्था की जानी चाहिए, सडक़ों पर आवारा पशु छोडऩे वाले मालिकों पर जुर्माना लगाया जाना चाहिए और आवारा पशुओं की पहचान के लिए उन पर रेडियम बेल्ट और टैग लगाए जाने चाहिए ।

साथ ही लोगों को आवारा पशुओं (कुत्तों एवं गायों) को सडक़ों पर न छोडऩे के लिए जागरूक किया जाना चाहिए, पशु मालिकों को जिम्मेदारी से अपने पशुओं की देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, सार्वजनिक स्थानों पर आवारा पशुओं के घूमने पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है । उम्मीद है हमारी मांगो पर आपके द्वारा समुचित सहयोग मिलेगा । इस दौरान मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के गोपाल साहू प्रदेश अध्यक्ष, भूपेश तिवारी लोकसभा अध्यक्ष, संजीत विश्वकर्मा संगठन मंत्री, राजेन्द्र सोनी, आरीफ भाईजान, मंगल सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।

# योग दिवस में उमड़ी शासन प्रशासन सहित आम जनों का हुजूम

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** योग दिवस के 11 वें योग महोत्सव के उपलक्ष में पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में डोंगरगांव के कृषि उपज मंडी में एक विशेष योग का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित जन समुदाय को पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी पंचूराम साहू सहित अलख राम साहू गिरीश सोनी डॉ अतुल गुप्ता एवं योग साधकों की टीम ने प्रोटोकॉल के अनुरूप स्वास्थ्य और कल्याण के लिए योग का अभ्यास प्रार्थना के मनोभाव के साथ प्रारंभ कर शीतलीकरण अभ्यास, स्कंद संचालन, कटिचालान, घुटना संचालान, ताड़ासन, अर्ध चक्रासन, पाद हस्तासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, ऊष्ट्रासन, उत्तान मंडूकासन ,वक्रासन, मकरासन ,भुजंगासन ,शलभासन, सेतु बंधासन, उत्तानपादासन ,पवनमुक्तासन, शवासन ,कपालभाति, अनुलोम- विलोम ,शीतली प्राणायाम ,भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य, सुख ,शांति ,निरोगी काया तथा सर्वांगीण विकास हेतु प्रदर्शन कर सफल संचालन किया।

**स्वास्थ्य के लिए जन जागृति**

योग महोउत्सव के इस कड़ी को घर घर पहुँचाने पतंजलि योग परिवार जिला एवं तहसील इकाई के योग साधकों द्वारा रामद्वारा से पैदल मार्च करते हुए प्रभात फेरी के रूप में झंडा एवं बैनर के साथ करें योग ,रहे निरोग, सुबह की हवा ,लाखों की दवा, भारत माता की जय, वंदे मातरम जैसे स्लोगन नारों के साथ जयकारा लगाते हुए आम जनों को योग के प्रति जन जागृति लाने के उद्देश्य से किया गया इस सार्थक प्रयास से लगभग हजारों की संख्या में लोग योग करने इकट्ठा हुए... जनप्रतिनिधि सहित नगरी प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने जमकर बहाया पसीना



इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी एवं पाषर्दगण, गण मान्य नागरिक ,अनुविभागीय अधिकारी श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार पीएल नाग, आकांक्षा साहू, नायब तहसीलदार झरना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशनी भगत टोप्पो, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा बीएमओ डॉ रागनी चंन्द्रे एबी डीआर वर्षा नागवंशी, बी ई ओ आर एल पात्रे, रश्मि ठाकुर, महिला बाल विकास अधिकारी ,वन क्षेत्रपाल चंद्रशेखर भंडारी, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी , स्कूली बच्चे अध्यापक, एवं कॉलेज के छात्रों ने योगाभ्यास कर स्वास्थ्य के प्रति सजकता के साथ आम जनों को रोल मॉडल के रूप में योग के लिए प्रेरित किया। अंत में नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी अनुविभागीय अधिकारी श्री कोर्राम एवं अध्यक्ष

खाद्य व सहकारिता विभाग राम कुमार गुप्ता के द्वारा उपस्थित लोगों को आव्हान करते हुए योग को जीवन शैली अपनाने एवं शामिल करने की प्रेरणा देते हुए इसे स्वस्थ्य समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया । कार्यक्रम के उपरांत खाद्य विभाग द्वारा अंकुरित आहार, फल आयुष विभाग द्वारा औषधि काड़ा आदि का वितरण किया गया साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें वन विभाग द्वारा सिंदूर का पौधा वितरित किया गया, उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों सहित स्थानीय नागरिकों ने इस अभियान में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## स्कूल चल पढ़े बर.. जिंदगी ला गढ़े भर....

**डोंगरगांव विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन के निर्देशानुसार ग्राम रामपुर में डोंगरगांव विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें डोंगरगांव विकासखंड के अंतर्गत कक्षा 12वीं कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 8वीं में आने वाले प्रथम एवं द्वितीय स्थान वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। तथा कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं के नए प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर पुस्तक एवं गणवेष प्रदान किया गया तथा दिव्यांगजन बच्चों को पढ़ाई में विशेष सहयोग के लिए किट प्रदान किया गया। शाला प्रवेश उत्सव के उपलक्ष में बच्चों को नेवता भोज के अंतर्गत खीर पूरी मिठाई खिलाकर सारे बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया गया एवं शाला प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम 2.0 के अंतर्गत छायादार एवं फलदार वृक्षारोपण करके बड़ा वृक्ष बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किरण साहू (उपाध्यक्ष जिला पंचायत राज.) मनीष कुमार साहू (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव)यतीश सिन्हा (सरपंच) द्वारका तारम (ग्राम पटेल) दुधे राम साहू (ग्राम समिति अध्यक्ष) डोंगरगांव विकासखंड के शिक्षा अधिकारीगण शिक्षकगण एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे.



# गायत्री विद्यापीठ में श्री जगन्नाथ यात्रा का भव्य आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी गायत्री विद्यापीठ में शुक्रवार को प्रातःकालीन सत्र में रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थी एवं शिक्षकों का दल उपस्थित था। आयोजन में सर्वप्रथम भगवान श्री जगन्नाथ की पूजा आरती के साथ रथ यात्रा निकाली गई जिसमें नन्हें विद्यार्थी श्री जगन्नाथ, श्री बलराम और माता सुभद्रा की सुन्दर वेशभूषा धारण कर शोभायमान प्रतीत हो रहे थे। इसमें शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को भगवान श्री जगन्नाथ की महिमा एवं रथ यात्रा क्यों आदि की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही भगवान श्री जगन्नाथ के जयकारे से सम्पूर्ण वातावरण गुंजायमान हो उठा, नन्हें विद्यार्थियों ने आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में भगवान श्री जगन्नाथ का प्रिय भोग लगाकर विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया। शाला की व्याख्याता एवं मीडिया प्रभारी श्रीमती उषा झा से मिली जानकारी के अनुसार प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर द्वारा बच्चों को रथ यात्रा की शुभकामनाएं दी गई। बच्चों ने सभी गुरूजनों के चरण छूकर आशीर्वाद लिए। आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था प्रभारी श्रीमती सोनल रायचा एवं उनकी टीम द्वारा की गई। आयोजन का सम्पूर्ण वीडियोग्राफी शाला के व्याख्याता श्री आशीष सोनवानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ.बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्री सूर्यकान्त जी चितलांग्या, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव श्री निकुंज सिंघल, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, स्कूल प्रशासक श्री अनिल बाजपेयी, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, स्कूल मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शुभकामनाएं दी गई।



# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्री शकील अहमद जी , वक्फबोर्ड आयोग के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) डॉ. शलिम राज पहुँचे स्वाधीन के निवास

## उन्होंने घटना की जानकारी ली व साथ ही जैन का हाल चाल भी जाना

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी स्वाधीन जैन के निवास पहुंचे आदरणीय वक्फ बोर्ड आयोग के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज जी, श्री मोहम्मद सद्दाम जी, भाजपा प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अल्पसंख्यक मोर्चा, श्री शकील अहमद जी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, श्री शाहिद खान जी प्रदेश महामंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, श्री मखमूर इकबाल खान जी प्रदेश महामंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, श्री रफीक खान जी, प्रदेश मंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, जावेद रब्बानी जी,अकबर तिगाला जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, श्री रामेश्वर साहू जी अध्यक्ष भाजपा मण्डल, अबरार सिद्दिकी जी प्रदेश भाजपा नेता, शेरू भाई पार्षद दुर्ग, जयदीप गुप्ता, मुश्ताक अहमद, आशीष लालवानी, कासिम कुरैशी, मैजिक खस, हितेश कुमार, दमनदीप, अंकित टाटिया, इमरान ईमू, सागर गनवीर, तौसिन खान, गोविन्द कुमार शर्मा समस्त भाजपा जेष्ट श्रेष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्तागण स्वाधीन जैन का स्वास्थ का हाल चाल जानने पहुंचे वही भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद , वक्फ बोर्ड आयोग के अध्यक्ष शलिम राज ने जल्द स्वस्थ होने की कामना कीस्वाधीन जैन अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी है हाल ही मे उनकी एक दुर्घटना में चोटे आई ओर उनका भिलाई अस्पताल मे इलाज चला अब वे अपने निवास स्थान आ गए है आज प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के दिग्गज नेता उनके निवास स्थान आए ओर उनसे हाल चाल जाना इस अवसर पर स्वाधीन जैन ने भरे मन से उनका आभार भी व्यक्त किया की पार्टी का कार्यकर्ता के घर मोर्चे की टीम पहुचकर ऐसे स्वस्थ लाभ की जानकारी ली इससे उनका मनोबल बढ़ा ओर वो जलद स्वस्थ होकर पार्टी के कार्यों व जनसेवा के कार्यों में पुनः सेवारत रहेंगे।



# अखिल भारतीय प्रतिभा प्रेरणा महासम्मेलन - 2025, मुंबई में भव्य आयोजन



**मुंबई।** देश की विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने हेतु अखिल भारतीय प्रतिभा प्रेरणा महासम्मेलन - 2025 का आयोजन आगामी 28 जून को भारत रत्न लता मंगेशकर नाट्यगृह, मीरा रोड (पूर्व), मुंबई में आयोजित होने जा रहा है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव निवासी डॉ. हेमशंकर जेठमल साहू को भारत गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। डॉ. साहू विगत दो दशकों से सामाजिक, शैक्षणिक एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे अलवा फाउंडेशन (नई दिल्ली) के चेयरमैन एवं बैशखिन देवी एजुकेशन एवं हेल्थ चैरिटेबल ट्रस्ट (नागपुर) के अध्यक्ष हैं। उनके फाउंडेशन को हाल ही में मई 2025 में च्वकीगीर्ज रिपब्लिक इंटरनेशनल अचीवर्स अवार्डज्ज् से नई दिल्ली में सम्मानित किया गया है, जो उनके नेतृत्व और सेवा कार्यों की अंतरराष्ट्रीय पहचान का प्रमाण है। इस महासम्मेलन का उद्देश्य भारत के विविध राज्यों की प्रतिभाओं, समाजसेवियों, कलाकारों, शिक्षाविदों और नवप्रवर्तकों को एक मंच पर लाकर उनके योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर रेखांकित करना है। इस आयोजन में पुस्तक विमोचन, पुरस्कार वितरण और कला-संस्कृति की विविध प्रस्तुतियाँ होंगी। इस सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे श्री कृष्णाजी माघुडेरे, जो सामाजिक संस्था एवं बालाजी एजुकेशन ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष हैं। कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिति दर्ज कराएंगे । डॉ. कोठिवाले गायकवाड़, अध्यक्ष - महाराष्ट्र राज्य साहित्य अकादमी , श्री संतोषराज बाणेर, अध्यक्ष - राष्ट्रवादी ओबीसी सेल ाा भगवानदास पाटिल, पूर्व विधायक एवं सामाजिक कार्यकर्ता, मुख्य अतिथियों में शामिल हैं: डॉ. विजय दीक्षित, वरिष्ठ सेक्सोलॉजिस्ट, मुंबई , एड. (डॉ.) सी. पी. कुथारे, वरिष्ठ अधिवक्ता, नागपुर, पं. विनोद जाधव, ज्योतिषाचार्य, नासिक, प्रो. (डॉ.) जी. के. ठक्कर, निदेशक ङ्क इंटरनेशनल चैंबर ऑफ मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, डॉ. डी. के. ठाकुर, शिक्षाविद, मुंबई, डॉ. राजश्री भट, अध्यक्ष ङ्क भारतीय नारी परिषद, नागपुर, डॉ. एस. एल. ठाकुर, निदेशक ङ्क पीपल्स यूनिवर्सिटी, भोपाल, डॉ. गुरविंदर सिंह बाज, शिक्षाविद, पंजाब, डॉ. दयाशंकर जायसवाल, समाजसेवी, छत्तीसगढ़, एड. डॉ. अजीत महानंद, विधिवेत्ता, श्री कृष्णकांत कुमार, वरिष्ठ मीडिया प्रतिनिधि, सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।, डॉ. साहू का कार्यक्षेत्र अत्यंत व्यापक है ङ्क महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा देना, कृषक उत्पादक संगठनों का निर्माण, जैविक खेती, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, शिक्षा विस्तार, ग्रामीण नेतृत्व निर्माण और सामाजिक समरसता हेतु लगातार कार्य कर रहे हैं। उनका मानना है कि च्सशक्त समाज ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है। सम्मेलन के संयोजक डॉ. क्रांति महानंद ने बताया कि यह आयोजन उन समर्पित लोगों को राष्ट्रीय मंच पर पहचान देने का प्रयास है, जो मौन परिश्रम से राष्ट्र के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। डॉ. साहू जैसे व्यक्तित्व, जो जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए हजारों जीवनों को दिशा देते हैं।



## उपमुख्यमंत्री शर्मा ने तेरहवीं कार्यक्रम में दी श्रद्धांजलि, शोक संतप्त परिवार से मिलकर सभी का हाल चाल जाना

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कवर्धा (नांदगांव टाइम्स)।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने यूथ क्लब भवन में आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मुरली सिंह, कौशल ठाकुर एवं सुयस ठाकुर की माता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री शर्मा ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि दुःख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ हैं। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## ज्ञान मंथन

*1) 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2023 में किस राज्य ने सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार जीता है?*
*2) मोरक्को में असेंबल किए जा रहे भारतीय मूल के बख्तरबंद वाहन का नाम क्या है?*
*3) मार्च 2025 में कौन सा राज्य विधानसभा की कार्यवाही को सांकेतिक भाषा में प्रसारित करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया?*
*4) ओटावालो के एंडियन माउस नामक चूहे की एक नई प्रजाति की खोज किस देश में हुई है?*
*5) समाचारों में देखी गई मार्बल्ड मैप तितली भारत के किस क्षेत्र में स्थानिक है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) ओडिशा (2) व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म (3) पंजाब (4) इक्वाडोर (5) पूर्वी घाट और ओडिशा

# हेलेन केलर दिवस पर सीआरसी उदयाचल का संयुक्त आयोजन

**राजनांदगांव।** नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर द एम्पावरमेंट ऑफ पर्सन्स विद इंटेलेक्चुअल डिसएबिलिटीज के प्रशासनिक नियंत्रण में संचालित कंपोज़िट रीजनल सेंटर , राजनांदगांव ने उदयाचल हेल्थ एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहयोग से हेलेन केलर दिवस को उत्साहपूर्वक एवं सामुदायिक सहभागिता के साथ मनाया।

कार्यक्रम की शुरुआत उदयाचल टीम द्वारा पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। डॉ. पुखराज बाफना, श्री अतुल रायचा, श्री अशोक मोदी, श्री त्रिलोचन बग्गा, श्रीमती सुनीता शुक्ला (सीईओ), , डॉ. सार्थक बाफना और डॉ. नम्रता पैक्रो ने डॉ. स्मिता महोबिया (निदेशक, सीआरसी राजनांदगांव) एवं सुश्री चुनमुन मोहंती (प्रोस्थेटिस्ट एवं ऑर्थोटिस्ट) का तिलक और मोती माला से अभिनंदन किया। इसके उपरांत, उपस्थित लाभार्थियों, स्टाफ एवं गणमान्य अतिथियों को हेलेन केलर के जीवन, संघर्ष और प्रेरणादायक कार्यों पर आधारित एक लघु डॉक्युमेंट्री फिल्म दिखाई गई। यह वीडियो दिव्यांगजनों के लिए आशा, आत्मबल और समर्पण का संदेश लेकर आया। डॉ. स्मिता महोबिया ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में हेलेन केलर दिवस की प्रासंगिकता और सीआरसी राजनांदगांव द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में समुदाय की भूमिका को रेखांकित किया। प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पुखराज बाफना ने सीआरसी की गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय




देते हुए कहा कि समाज को दिव्यांगजनों के प्रति अधिक संवेदनशील और सहयोगी बनना चाहिए। सुश्री चुनमुन मोहंती ने पीएमडीके योजना के तहत एडीआईपी और आरवीवाई योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि व्हीलचेयर, ब्रेसेस, श्रवण यंत्र, ट्राइपॉड, टेट्रापॉड आदि सहायक उपकरण नि:शुल्क वितरित किए जाते हैं, जिनके लिए लाभार्थियों को कुछ जरूरी दस्तावेज जमा करने होते हैं। डॉ. सार्थक बाफना और डॉ. नम्रता पैक्रो, नेत्र विशेषज्ञ, ने आंखों की देखभाल, समय पर पहचान और उपचार की आवश्यकता पर उपयोगी जानकारी साझा की। श्री अशोक मोदी ने दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु स्वास्थ्य संस्थानों की सक्रिय भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा—सात चयनित दिव्यांग लाभार्थियों को सहायक उपकरणों का वितरण। एलएस ब्रेसेस, घुटना ब्रेसेस, ट्राइपॉड, टेट्रापॉड एवं श्रवण यंत्र सीआरसी राजनांदगांव द्वारा वितरित किए गए, जिससे उनकी दैनिक गतिशीलता और जीवन गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव हुआ। इसके अतिरिक्त, सीआरसी सेवाओं और योजनाओं की जानकारी संबंधी ब्रोशर/पुस्तिकाएं उपस्थित जनसमूह के बीच वितरित की गईं, जिससे अधिक से अधिक लोग इन सरकारी सहायता योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। यह आयोजन सीआरसी राजनांदगांव एवं उदयाचल हेल्थ एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट की टीमों के संयुक्त प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह न केवल हेलेन केलर जैसी महान विभूति को श्रद्धांजलि देने का अवसर बना, बल्कि दिव्यांगजनों के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण एवं समावेशन को बढ़ावा देने का मंच भी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुनीता शुक्ला (सीईओ, उदयाचल) द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया, जिससे संपूर्ण कार्यक्रम सहज व व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। अंत में, श्री उत्तमचंद जैन, श्री अशोक मोदी द्वारा डॉ. स्मिता महोभिया एवं सुश्री चुनमुन मोहंती को स्मृति चिन्ह व उपहार प्रदान कर उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

## महाविद्यालय में अग्निवीर वायु सेना चयन प्रक्रिया हेतु कैरियर

### गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव में कलेक्टर राजनांदगांव के आदेशानुसार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए. के. धमगाये के मार्गदर्शन में अग्निवीर वायु सेना चयन प्रकिया हेतु करियर गाइडेंस का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में वायु सेना अधिकारी रोहित शर्मा सार्जेंट 15 एयरमैन सिलेक्शन सेंटर भोपाल , आकिब 15 एयरमैन सिलेक्शन सेंटर भोपाल , पी. आर. झाड़े सहायक जिला परियोजना अधिकारी, आर. एल. पात्रे बीईओ जयंत साहू एबीईओ तथा शुभी जग्गी जिला रोजगार कार्यालय राजनांदगांव की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय विद्यार्थी एवं डोंगरगांव क्षेत्र के स्कूलों से आए विद्यार्थियों को वायु सेना चयन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया जिससे की छात्र- छात्राएं अग्नि वीर वायु सेवा में सम्मिलित हो सके कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में जवाब देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक गणेश नेताम , डॉ.आशराम साहू तथा समस्त महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।



## स्कुल परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान : बच्चों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण की पहल

**राजनांदगांव।** ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिंघोला में शनिवार को एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्कूल के परिसर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना था, ताकि बच्चों को एक सुरक्षित और अनुकूल शिक्षण वातावरण मिल सके। सरपंच मुकेश साहू की प्रेरणा और दूरदर्शी सोच के अनुरूप आयोजित इस अभियान में स्कूल परिसर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से गंदगी, कचरा और खरपतवार को हटाया गया, जिससे परिसर को पूरी तरह स्वच्छ और सुंदर बनाया गया। स्वच्छता अभियान की शुरुआत सुबह जल्दी हुई, जब सरपंच मुकेश साहू के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने एकत्रित होकर कार्य शुरू किया। इस अवसर पर उपसरपंच मोती राम साहू, पंचगण रेणुका ठाकुर, तिलेश्वरी साहू, रामेश्वरी साहू, राकेश साहू, कोटवार विवेक जोशी, गिरधारी धनकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मनीषा और पुष्पा साहू, पंचायत सचिव मनोज देवांगन, मितानिन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामूहिक प्रयासों से स्कूल परिसर को स्वच्छ करने में योगदान दिया। अभियान के दौरान स्कूल परिसर में बिखरे कचरे जैसे प्लास्टिक, कागज और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर उचित निपटान के लिए भेजा गया। इसके अलावा, स्कूल के चारों ओर उगे खरपतवार और जंगली घास को हटाया गया, जिससे परिसर न केवल स्वच्छ बल्कि आकर्षक भी दिखने लगा।



# गोदावरी माइंस में लेबर यूनियन को हीरा ग्रुप ने दी मान्यता, अध्यक्ष नियुक्त

**मानपुर /मोहला/खडगांव।** हीरा ग्रुप रायपुर द्वारा संचालित बोरिया टीवू स्थित गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड की खदान में कार्यरत श्रमिकों की यूनियन को औपचारिक मान्यता प्रदान की गई है। कंपनी प्रबंधन ने डेमोक्रेटिक खदान श्रमिक संघ को अधिकृत यूनियन के रूप में मान्यता दी है। इस अवसर पर श्री मोती हिरवानी को यूनियन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रबंधन की ओर से जारी पत्र क्रमांक त्रक्कद्दरु/क्वञ्ज/2025-26/002 के माध्यम से यह जानकारी दी गई। 21 जून 2025 को जारी इस पत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि श्रमिकों के हितों की रक्षा और श्रम संबंधों में समन्वय बनाए रखने हेतु यह मान्यता दी गई है। गोदावरी माइंस में कार्यरत श्रमिकों के बीच इस निर्णय से खुशी का माहौल है। यूनियन की मान्यता मिलने से अब श्रमिक अपनी समस्याएं और सुझाव प्रभावी रूप से प्रबंधन तक पहुंचा सकेंगे। इस मौके पर अध्यक्ष श्री मोती हिरवानी ने कहा कि वे मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने हीरा ग्रुप प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि श्रमिकों और प्रबंधन के बीच बेहतर तालमेल बनाकर उत्पादन और प्रगति में योगदान दिया जाएगा। यह निर्णय मजदूर संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा देने वाला साबित होगा।



# नीरज विद्या मंदिर की आकर्षक प्रार्थना सभा

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई, अंग्रेजी माध्यम), मोहड़ में प्रतिदिन होनेवाली प्रार्थनासभा को उद्देश्यपूर्ण बनाया गया है। संस्था के डायरेक्टर इंजी. श्री नीरज बाजपेयी की मंशा के अनुरूप विद्यालय की एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान के मार्गदर्शन में पूरे साल भर के लिए तैयार की गई इस प्रार्थनासभा में ज्ञान के अतिरिक्त धर्म, अध्यात्म, विज्ञान और अन्य जीवनोपयोगी पहलुओं को शामिल किया गया है। विद्यार्थी अपने-अपने धर्म को जाने और समझे इसके लिए विशेष प्रार्थनासभा पर बल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि संस्था में प्राय: सभी धर्मो के माननेवाले विद्यार्थी अध्ययनरत् है। यहाँ होनेवाली प्रार्थना सभा में कई धर्मों के प्रार्थना गीतों को सम्मिलित किया गया है। पर्व विशेष और त्योहारों की जानकारी इस दौरान प्रभावी ढंग से दी जाती है। विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए विविध विषयों में आकर्षक किंतु संक्षिप्त कार्यक्रम भी इसमें जोड़े गए हैं। महापुरूषों की जयंती और पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यार्थी इन महापुरूषों की जानकारियाँ रोचक ढंग से देते है। बच्चों को बचत की दिशा में प्रेरित करने के लिए उनके जन्मदिन पर प्रार्थनासभा में खुबसूरत गुल्लक भेंट स्वरूप शाला प्रबंधन द्वारा दिया जाता है। विद्यार्थियों की शारीरिक चुस्ती और फूर्ती के लिए जुम्बा और पीटी जैसे सरल व्यायाम आदि की भी व्यवस्था प्रार्थना सभा में की गई है। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।



# मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी पुरी शंकराचार्य जी के आगामी प्रवास की जानकारी

अरविन्द तिवारी

**प्रयागराज (नांदगांव टाइम्स)।** ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज रथयात्रा के पावन अवसर पर श्रीजगन्नाथजी का दर्शन , पूजन तथा रथयात्रा का शुभारम्भ के पश्चात अपनी आगामी राष्ट्रोत्कर्ष अभियान में आज 29 जून की प्रात: नई झूंसी स्थित शिवगंगा आश्रम , रेलवे पुल के पास , प्रयागराज पहुंचे। इसके पहले रेल्वे स्टेशन पहुंचने पर महाराजश्री का भव्य स्वागत किया गया , उसके पश्चात वे सड़क मार्ग से आश्रम पहुंचे। पुरी शंकराचार्यजी का प्रयागराज प्रवास दिनांक 03 जुलाई तक निर्धारित है। इस अवधि में दिनांक 30 जून से 02 जुलाई तक प्रात:कालीन सत्र में पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे से दर्शन , दीक्षा और संगोष्ठी कार्यक्रम में उपस्थित भक्तजन धर्म , राष्ट्र और ईश्वर से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान श्रीशंकराचार्यजी से प्राप्त कर सकेंगे। वहीं सायंकालीन सत्र में पुन: दिनांक 29 जून से 02 जुलाई तक शाम साढ़े पांच बजे से दर्शन एवं आध्यामिक संदेश श्रवण का सुअवसर प्राप्त होगा। यहां आयोजित सभी कार्यक्रमों की समाप्ति पश्चात पुरी शंकराचार्यजी 03 जुलाई को दोपहर एक बजे निवास स्थान से प्रस्थान कर साढ़े तीन बजे सारनाथ एक्सप्रेस के द्वारा अपने आगामी राष्ट्र रक्षा अभियान में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर प्रस्थान करेंगे। इसकी जानकारी श्री सुदर्शन संस्थानम , पुरी शंकराचार्य आश्रम के मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी। बताते चलें कि वर्तमान में पूज्य पुरी शंकराचार्यजी ही ऐसे एकमात्र विभूति हैं जो कि आज के उन्माद और विनाश के वातावरण में विश्व मानवता की रक्षा हेतु भारतवर्ष के साथ - साथ सम्पूर्ण विश्व को इस संबंध में सचेत करते रहते हैं। धर्म के संबंध में उनका संदेश है कि अर्थोपार्जन और विषयोपभोग की वह विधा जिसके फलस्वरूप हमारा जीवन दिशाहीन ना हो , हम दूसरों के लिये अनावश्यक शोषक सिद्ध ना हों , हमारे देह , इन्द्रिय , प्राण , अन्त:करण का पोषण हो सके और हमारे जीवन में उस बल और वेग का संचार हो जिसके फलस्वरूप जीवनधन जगदीश्वर की प्राप्ति करने में हम समर्थ हो सकें , उसी का नाम है धर्म। ठीक इसी तरह सनातन धर्म की सर्वकालीन प्रासंगिकता तथा सर्वोत्कृष्टता के संबंध में उनका कथन है कि उद्भव - स्थिति - संहार - निग्रह और अनुग्रहकर्ता सनातन सर्वेश्वर सर्वाधिष्ठान , सर्वरूप , सर्वात्मा हैं। धर्मनिष्ठ उन्हें माता , पिता , पति सखादि आत्मीयभाव से भजते हैं। भगवद्भक्त उन्हें आत्मा समझकर कृतार्थ होते हैं। परमेश्वर की उपास्यरूपता , आत्मरूपता और सर्वरूपता के विज्ञान से कृतार्थता सुनिश्चित है। वेदादि शास्त्र सिद्ध सनातन सर्वेश्वर और सनातन धर्म का आलम्बन सर्वहितप्रद है।



# कैरियर गाइडेन्स विषय पर डॉ. गोपाल कृष्ण शर्मा का मार्गदर्शन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ के विद्यालय सभागार में कैरियर निर्माण संबंधी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित थे डॉ. गोपाल कृष्ण शर्मा जो वर्तमान में देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार में एचओडी, कम्प्यूटर साइंस, पब्लिक रिलेशन ऑफिसर, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, लाइफस्किल कोच हैं। देश-विदेश में गायत्री परिवार के गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाना, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन एवं पर्यावरण, नारी जागरण, विचार क्रांति अभियान के माध्यम से पूज्य गुरूदेव पं.श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीय माता जी के कार्यों को वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। आप कार्डिनेटर ऑफ स्कूल ऑफ आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस, भारतीय संस्कृति के प्रचारक, अखिल विश्व गायत्री परिवार के सम्मानित सदस्य हैं। आयोजन का शुभारंभ दीप-प्रज्जवलन के साथ किया गया जिसमें डॉ.गोपाल कृष्ण का स्वागत एकेडमिक कार्डिनेटर श्री अमित उत्तलवार, शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल द्वारा किया गया। डॉ.शर्मा द्वारा कैरियर निर्माण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए जिसमें स्वंय विद्यार्थियों से जुड़कर उनेक प्रेरणास्त्रोत बने। उन्होंने अनेक उदाहरण के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही परिश्रम से मुख न मोड़ने की सलाह दी। अवसर को पहचानकर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। संस्कारों को आत्मसात करवाते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि माता-पिता के योगदान का प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन में क्या स्थान होना चाहिए। साथ ही स्वयं पर नियंत्रण कब कैसे रखा जाए, आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस क्या है, हम कैसे इसका प्रयोग करें आदि अनेक महत्वपूर्ण बातों का समावेश किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में देव संस्कृति विश्वविद्यालय की अनेक विशेषताओं को बताकर विद्यार्थियों को इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शाला की व्याख्याता श्रीमती उषा झा से मिली जानकारी के अनुसार आरंभ से अत तक विद्यार्थी उत्साहपूर्वक डॉ.गोपाल कृष्ण शर्मा को सुनते रहे।



## धर्म समाचार....

# आध्यात्मिक मोक्ष चाहने वालों के लिए है गुप्त नवरात्र, मंत्र जाप से करें दैवीय शक्तियों का अनुभव



उत्सव मनाने, आशीर्वाद मांगने, मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए व्रत-उपवास रखने के लिए नहीं होती हैं। कुछ नवरात्र मौन में, आत्मा को महसूस करने के लिए होती हैं। गुप्त नवरात्र कोई त्योहार नहीं है। यह देवी के गर्भ में जाने का द्वार है, जहां प्रकाश की जरूरत नहीं होती है, क्योंकि आप ज्योति बन जाते हैं।

माघ और आषाढ़ की गुप्त नवरात्र वही समय होता है, जिसमें आप खुद को जान सकते हैं। आध्यात्म की गहरी परतों और शक्ति यानी मां के विभिन्न आयामों को जान सकते हैं। इसमें कोई प्रदर्शन नहीं होता है और कोई पूर्णता नहीं होती है। गुप्त नवरात्र का अवसर बाहरी दुनिया को दिखाने के लिए नहीं है, बल्कि आपकी आत्मा को जगाने के लिए है। यह उस पवित्र स्त्रीत्व ऊर्जा के लिए है, जो शोर-शराबे से दूर है। आपने शारदीय और चैत्र नवरात्र को देखा होगा, सुना होगा उत्सव को महसूस भी किया होगा। बड़े धूमधाम से और प्रथाओं के साथ उसे मनाया जाता है।

**अलग होते हैं गुप्त नवरात्र**

मगर, गुप्त नवरात्र इससे बिल्कुल अलग होती हैं। ज्यादातर साधक, तांत्रिक और वो लोग, जो आंतरिक सुख पाना चाहते हैं, जो अपनी आत्मा में झांकना चाहते हैं, जो अपनी आत्मा को परमात्मा से मिलना चाहते हैं, जो आत्मज्ञान को प्राप्त करना चाहते हैं और जिनमें आत्मबोध को जानने की जिज्ञासा होती है, वो इस समय साधना करते हैं।

सार्वजनिक उत्सव के बिना शांति के साथ मंत्रों का जाप किया जाता है। यज्ञ की वेदी में हवन की आहूतियां देते हुए मां दुर्गा और उनके स्वरूपों की आराधना की जाती है। अपने डर, गुस्से, खालीपन, भ्रम को दूर करके खुद को सम में जानने का यह समय होता है।

**गुप्त नवरात्र पवित्र क्यों होते हैं**

गुप्त नवरात्र को छुपाया नहीं गया है। इसे पवित्र रखा गया है, क्योंकि सभी बदलाव देखने या दिखाने के लिए नहीं होते, कुछ बदलाव महसूस करने के लिए होता है। कुछ बदलाव प्रकाश में नहीं होते हैं। उनके लिए हमें अंधकार की जरूरत होती है।

गुप्त नवरात्र में बाहरी पूजा की जरूरत नहीं होती। बाहरी दिखावे की जरूरत नहीं होती। यह आत्म शुद्धि का समय होता है। खुद को जानने का समय होता है और 10 महाविद्याओं को पाने का समय होता है।

इसके लिए एकांत में मंत्र जाप करने, साधना करने, ध्यान करने और तपस्या करने की जरूरत होती है। यह समय शक्ति के विभिन्न आयाम को गहराई से जानने के लिए आत्मा के जागरण का समय होता है।

**इच्छापूर्ति के लिए नहीं है गुप्त नवरात्र**

चैत्र और शारदीय नवरात्र से अलग गुप्त नवरात्र का समय सांसारिक इच्छाओं की पूर्ति का नहीं होता है। यह आध्यात्मिक जागरूकता का समय होता है। गुप्त नवरात्र में किसी मनोकामना की पूर्ति किसी वर को पाने के लिए कोई आशीर्वाद पाने के लिए व्रत-उपवास नहीं किया जाता है।

इस दौरान सार्वजनिक रूप से लोगों को दिखाने के लिए नृत्य, संगीत आदि का सहारा नहीं लिया जाता है। गुप्त नवरात्र में सिर्फ आप, आपकी सांसें और वह अंधकार होता है, जहां एकांत में बैठकर आप शक्ति की आराधना करते हैं। क्या आप उस अंधकार में दिव्यता को देख पाते हैं।

यह समय पूर्व जन्मों में किए गए पापों से मुक्ति पाने का होता है। यह समय मानसिक शक्तियों को जगाने का होता है। इस समय चंद्रमा की स्थिति के वजह से आत्मा का झुकाव खुद को जानने का होता है।

**गुप्त नवरात्र कौन मनाते हैं**

गुप्त नवरात्र का समय आध्यात्मिक मोक्ष को पाने की इच्छा रखने वाले तांत्रिकों के लिए शुभ होता है। अद्वैत के जरिए आध्यात्मिक मोक्ष को पाने की इच्छा रखने वाले साधक इस समय साधना करते हैं।

सिद्धियां यानी धार्मिक शक्तियों को पाने के लिए गंभीर साधना करने वाले साधकों के लिए यह समय पवित्र होता है। दिव्य स्त्रीत्व शक्ति, अंधकार और स्वयं की गहरी परतों को जानने की कोशिश करने वाले साधकों के लिए यह समय पवित्र होता है।




यह नौ रातें उन लोगों के लिए पवित्र होती हैं जो अपने डर, लगाव, अहंकार और भ्रम का सामना करना चाहते हैं और उसे देवी की वेदी पर जला देना चाहते हैं।

**आप कैसे मना सकते हैं गुप्त नवरात्र**

इसके लिए आपको किसी गुरु की जरूरत नहीं है। आप रोज कुछ समय भले ही 15 मिनट के लिए एकांत में बैठें। माता रानी के सामने एक दीपक जलाएं और हर रात कुछ समय उनकी शरण में, उनके सानिध्य में बिताएं। नवार्ण मंत्र ? ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे का जाप करें। इनकी विषम संख्या 1,3,5 माला का जापा करें। रोज एक महाविद्या के बारे में पढ़ें और उस तैयारी के जरिए, दैवीय शक्ति को महसूस करें। मां कल्याण करेंगी।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बेडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# विधानसभा अध्यक्ष ने 39 करोड़ 23 लाख रूपए के 8 विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज मां बम्लेश्वरी प्रांगण में आयोजित डोंगरगढ़ क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 39 करोड़ 23 लाख 11 हजार रूपए की लागत के 8 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, सांसद श्री संतोष पाण्डेय उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 29 करोड़ 51 लाख 67 हजार रूपए के लागत के 5 विकास कार्य का भूमिपूजन एवं 9 करोड़ 71 लाख 44 हजार रूपए की लागत के 3 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। भूमिपूजन कार्य अंतर्गत 21 करोड़ 25 लाख 83 हजार रूपए के लागत से डोंगरगढ़ चिचोला मार्ग में पुराना कालेज लाल निवास पुल से नीचे माँ बम्लेश्वरी मंदिर के सामने पुराना क्रासिंग तक वायशेप में पुल निर्माण, 2 करोड़ 72 लाख रूपए के लागत से डोंगरगढ़ में शासकीय नेहरू पीजी महाविद्यालय में कन्या छात्रावास का निर्माण, 75 लाख 23 हजार रूपए के लागत से लाल बहादुर नगर में शासकीय हाईस्कूल कन्या भवन का निर्माण कार्य, 71 लाख 12 हजार रूपए के लागत से लाल बहादुर नगर में तहसील भवन का



निर्माण एवं 4 करोड़ 7 लाख 49 हजार रूपए के लागत से छीपा से बड़े कुसमी मार्ग पुल-पुलिया सहित लंबाई 1.50 किलोमीटर कार्य शामिल है। इसी तरह लोकार्पण कार्य अंतर्गत 5 करोड़ 57 लाख 68 हजार रूपए के लागत से गाजमर्रा-राजकट्टा हेलीपेड मार्ग निर्माण पुल-पुलिया सहित लम्बाई 3.80 किलोमीटर, 2 करोड़ 92 लाख 60 हजार रूपए के लागत से लाल बहादुर नगर से नारायणगढ़ मार्ग पुल-पुलिया सहित लम्बाई 2.80 किलोमीटर, 1 करोड़ 21 लाख 16 हजार रूपए के लागत से लाल बहादुर नगर में बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण भू-तल कार्य शामिल है। इस दौरान डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमन डोंगरे, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री सचिन बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री संतोष अग्रवाल, पूर्व विधायक श्री विनोद खाण्डेकर, श्री दिनेश गांधी, श्री सौरभ कोठारी, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के उपाध्यक्ष श्री अनील गट्टानी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# ग्राम सीताकसा में स्वच्छता तिहार का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम सीताकसा में स्वच्छता तिहार का आयोजन किया गया। स्वच्छता तिहार कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों ने अभियान चलाकर ग्राम के चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफसफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया तथा ग्रामीणों ने स्वच्छता की शपथ भी ली। कार्यक्रम में ग्रामीणों से गांव को सदैव स्वच्छ सुन्दर बनाए रखने, गिला एवं सुखा कचरा के सुरक्षित निपटान, घर का कचरा दीदियों को सम्मानजनक व्यवहार से देने, प्रतिमाह समय पर स्वच्छता शुल्क देने की अपील की गई। साथ ही




भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए ग्रामीणों को अपने घरों में सोख्ता गड्ढा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को स्वच्छ सर्वेक्षण-ग्रामीण 2025 अंतर्गत मोबाइल के माध्यम से सर्वे के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान जल सरंक्षण एवं भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए जनसमुदाय के सहयोग से नाला में तीन जगह बोरी बंधान भी किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य हरिला कौशल चंद्रवंशी, ग्राम पंचायत के सरपंच, स्वच्छ भारत मिशन से गिरधारी सुधाकर, तकनीकी सहायक तुमेश्वर साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, यूनिसेफ की टीम, पंचायत सचिव, स्वच्छता दीदी, बिहान केडर की दीदीयां एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# हॉकी खिलाड़ियों ने साइकिल चलाकर दिया फिटनेस का संदेश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत सरकार के खेल एवं युवा मंत्रालय की एक प्रमुख सामुदायिक पहल 'संडे ऑन साइकिल' काआयोजन हॉकी खिलाड़ियों के साथ बलदेव प्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर में किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के हॉकी खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आमजन को फिटनेस के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी विशेष अतिथि के रूप में साईं के प्रबंधक के. सी. त्रिपाठी बसंतपुर वॉर्ड 46 के पार्षद शेखर यादव वॉर्ड 43 के पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव , हृद्धस् हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव,कस्टम अधिकारी दीपेश चौबे , योगेश द्विवेदी, विकास वैष्णव मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत साइकिल रैली से हुई, जिसे छत्तीसगढ़ हॉकी के



अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली डॉ बलदेव प्रसाद मिश्र स्कूल से प्रारंभ होके तेलीपारा,कोस्टा गली से महामाया चौक , बाजार चौक, क्लब चौक, खेलेपारा से होते हुए वापस बलदेव प्रसाद स्कूल में समाप्त हुई तत्पश्चात उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्र के प्रति एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर मुख्य अतिथि फिरोज़ अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि साइक्लिंग आम लोगों के लिए एक सरल, सस्ती और प्रभावी फिटनेस गतिविधि है। यह आयोजन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 में शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट के उद्देश्य को जमीनी स्तर पर साकार करता है।कार्यक्रम में नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी यह दर्शाती है कि फिटनेस अब केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी बन चुकी है। श्री अंसारी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल स्वास्थ्य बल्कि सामाजिक जुड़ाव भी मजबूत होता है। भारतीय खेल प्राधिकरण, राजनांदगांव के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम से शिक्षा, ट्ठआयोजन में साईं के हांकी कोच परमजीत सिंह , बास्केटबाल कोच कु दिव्या धारव,कु. एहि , समाजसेवी लक्ष्मण यादव, पियूष चितलांग्या, हेमंत यादव,रूपेश साहू,मुन्ना जायसवाल सुखदेव कुमार, सहित , वरिष्ठ खिलाड़ी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मंच संचालन भारतीय खेल प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी प्रदीप शर्मा ने की।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com